भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 559

25 जून, 2019 को उत्तरार्थ

**विषय: ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारण सुविधाएं**

**559. डॉ॰ रमापति राम त्रिपाठीः**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार का ग्रामीण भाण्डागार योजना के अंतर्गत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भाण्डागार सुविधा प्रदान करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान कुल कितने ग्रामीण गोदामों का निर्माण हुआ है और योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसानों का उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

**(क) और (ख)** जी, हां। समेकित कृषि विपणन स्कीम (आईएसएएम) के अंतर्गत "कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई)" उप-योजना के माध्यम से सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारण सुविधाओं को बढ़ावा दे रही है। एएमआई स्कीम एक पार्श्वांत पूंजीगत राजसहायता स्कीम है जिसमें पात्र लाभार्थियों की श्रेणी और परियोजना के लिए प्रदत्त पूंजी लागत के आधार पर 25% और 33.33% राजसहायता दी जाती है। इस उप-योजना के अंतर्गत निजी, किसानों/उत्पादक समूहों, पंजीकृत किसान उत्पादन संगठनों (एफपीओ) आदि के लिए राजसहायता उपलब्ध है। अब तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में 655.48 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता वाली 38,964 भंडारण अवसंरचना परियोजनाओं (गोदाम) की मंजूरी दी गई है। राज्यवार विवरण **अनुबंध- I** पर है।

**(ग)**: पिछले तीन वर्षों के दौरान किसानों सहित कृषि उद्यमियों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाते हुए एमएआई उपस्कीम के भंडारण घटक के अंतर्गत 74.16 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता वाली कुल 2743 भंडारण अवसंरना परियोजनाओं (गोदाम) को सहायता दी गई है। राज्यवार विवरण **अनुबंध-II** पर दिया गया है। स्कीम मांग वाहित है और पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में कोई वैज्ञानिक भंडारण सुविधा मंजूर नहीं की गई है।

**अनुबंध –I**

**अता.प्र.सं. 559**

**एएमआई उप-योजना के अंतर्गत स्वीकृत भंडारण अवसंरचना परियोजनाएं (गोदाम)**

| क्र.सं.. | राज्य | परियोजनाओं की सं. | भंडारण क्षमता (लाख मीट्रिक टन में |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1338 | 54.088 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 0.009 |
| 3 | असम | 325 | 9.872 |
| 4 | बिहार | 1000 | 5.037 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 594 | 19.435 |
| 6 | गोवा | 1 | 0.003 |
| 7 | गुजरात | 11663 | 44.724 |
| 8 | हरियाणा | 2017 | 65.574 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 87 | 0.275 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 14 | 0.830 |
| 11 | झारखंड | 26 | 1.573 |
| 12 | कर्नाटक | 4508 | 37.876 |
| 13 | केरल | 206 | 0.905 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3828 | 106.259 |
| 15 | महाराष्ट्र | 3581 | 66.707 |
| 16 | मेघालय | 16 | 0.210 |
| 17 | मिजोरम | 1 | 0.003 |
| 18 | नागालैंड | 1 | 0.008 |
| 19 | ओडिशा | 691 | 10.092 |
| 20 | पंजाब | 1745 | 67.418 |
| 21 | राजस्थान | 1471 | 27.206 |
| 22 | तमिलनाडु | 1127 | 14.074 |
| 23 | तेलंगाना | 760 | 46.252 |
| 24 | त्रिपुरा | 5 | 0.288 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 1119 | 53.226 |
| 26 | उत्तराखंड | 287 | 7.723 |
| 27 | पश्चिम बंगाल | 2552 | 15.815 |
| **कुल** | | **38964** | **655.482** |

**अनुबंध II**

**अता.प्र.सं. 559**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान एएमआई उप स्कीम के अंतर्गत राज्यवार सहायता प्राप्त परियोजनाएं**

| क्र.सं. | राज्य | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजना की सं. | क्षमता (मीट्रिक टन में) | परियोजना की सं. | क्षमता (मीट्रिक टन में) | परियोजना की सं. | क्षमता (मीट्रिक टन में) |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 16 | 72058 | 12 | 98965 | 12 | 87803 |
| 2. | असम | 12 | 63219 | 17 | 109134 | 0 | 0 |
| 3. | बिहार | 2 | 5139 | 0 | 0 | 10 | 0 |
| 4. | छत्तीसगढ़ | 1 | 1206 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | गुजरात | 184 | 162244 | 1092 | 543112 | 0 | 0 |
| 6. | हरियाणा | 46 | 678531 | 26 | 341606 | 0 | 0 |
| 7. | हिमाचल प्रदेश | 11 | 3562 | 3 | 670 | 0 | 0 |
| 8. | जम्मू और कश्मीर | 3 | 9954 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | झारखंड | 3 | 26873 | 1 | 18383 | 0 | 0 |
| 10. | कर्नाटक | 147 | 285193 | 64 | 39617 | 0 | 0 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 383 | 1977855 | 305 | 1491850 | 0 | 0 |
| 12. | महाराष्ट्र | 179 | 662438 | 32 | 65717 | 0 | 0 |
| 13. | ओडिशा | 13 | 15774 | 11 | 37051 | 0 | 0 |
| 14. | पंजाब | 1 | 12081 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15. | राजस्थान | 6 | 18095 | 35 | 75928 | 6 | 6340 |
| 16. | तमिलनाडु | 31 | 60160 | 29 | 73812 | 5 | 93878 |
| 17. | त्रिपुरा | 0 | 0 | 1 | 2750 | 0 | 0 |
| 18. | तेलंगाना | 6 | 72872 | 4 | 62973 | 34 | 139312 |
| | **कुल** | **1044** | **4127254** | **1632** | **2961568** | **67** | **327333** |

******